दिन—रविवार दिनांक— 22/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

बिहार आज अपना एक सौ चौदहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग हुए बिहार को राज्य का दर्जा मिला था। इस वर्ष बिहार दिवस की थीम है— **उन्नत बिहार—उज्ज्वल बिहार**। अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा से देश को नई राह दिखाई। बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है। बिहार दिवस पर पटना के गांधी मैदान में तीन दिवसीय मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज शाम पांच बजे करेंगे। वहीं, राज्यपाल सैयद अता हसनैन चौबीस मार्च को समापन समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में देश के कई जाने—माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि बिहार ने कई क्षेत्रों में अपने योगदान से भारत को समृद्ध किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के लोग अपनी प्रतिभा और परिश्रम से देशभर के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार दिवस पर बिहारवासियों को शुभकामना दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा बिहार ने लंबे समय से भारतीय विरासत को गौरव और अध्यात्मिकता प्रदान की है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य वर्त्तमान में प्रगति के नये अध्याय गढ़ रहा है। पीएम मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार के कर्मठ और ऊर्जावान लोगों का समर्पण और क्षमता विकसित बिहार के संकल्प को विकसित भारत के साथ साकार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

———————————————————————

इधर, राज्यपाल सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने उम्मीद जतायी है कि बिहार पहले से भी अधिक गौरव के साथ नये भारत के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा व्यक्त की है कि बिहार प्रगति और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि बिहार दिवस हमें अपने राज्य की ऐतिहासिक विरासत और गरिमामयी वर्तमान को याद करने का एक अवसर है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि यह गौरवपूर्ण दिवस हमें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक परंपराओं और महान विभूतियों के अमूल्य योगदान की याद दिलाता है। इधर, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह,, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी बिहार दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू हो रहा है। पहले दिन आज नहाय–खाय के साथ व्रती छठ की शुरूआत करेंगे। कल खरना की पूजा की जायेगी। चौबीस मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पच्चीस मार्च को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान सम्पन्न हो जायेगा। इधर, छठ को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पटना में आठ गंगा घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है। घाटों तक पहुंचने वाले सम्पर्क मार्गों की मरम्मत की जा रही है। सभी घाटों पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की तैनाती की गयी है। गंगा नदी में आज से पच्चीस मार्च तक नाव के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा और सुपौल जिले में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है। आंधी बारिश से राज्य के अनेक भागों के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है।

————————————————————————————

समाप्त